Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 10-08-2006

Participants : Singh Shri Prabhunath

>

Title : Need to commence classes in Central School Maharajganj district Siwan, Bihar.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : महोदय, बिहार प्रान्त अन्तर्गत सिवान जिले का महराजगंज अनुमण्डल मुख्यालय है। महराजगंज में अनुमण्डलीय पुलिस मुख्यालय, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, उच्च विद्यालय, महाविद्यालय, अनेकों उच्च कोटि के व्या वसायिक प्रतिठान, थाना, प्रखण्ड मुख्यालय आदि पूर्व से हैं। महराजगंज और उसके आस-पास के क्षेत्र में हजारों की संख्या में केन्द्र ए वं राज्य सरकार के कर्मचारी, सेवा निवृत्त कर्मचारी निवास करते हैं। महराजगंज एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है, परन्तु महराजगंज में एक भी अच्छा विद्यालय नहीं है, मजबूर होकर कर्मचारियों को शिक्षा अध्ययन हेतु अपने बच्चों को बाहर भेजना पड़ता है जिसके कारण कर्मचारियों को अनावश्यक आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। महराजगंज में वर्षों से एक अच्छे विद्यालय की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

महराजगंज में केन्द्रीय विद्यालय खोलने की केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृति दे दी गयी है। केन्द्र सरकार के निदेशानुसार राज्य सरकार द्वारा महराजगंज केन्द्रीय विद्यालय का प्रारूप भी भेज दिया गया है, परन्तु अभी तक महराजगंज केन्द्रीय विद्यालय में पढ़ाई शुरू नहीं हो पाई है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूँ कि बिहार प्रान्त अन्तर्गत सिवान जिले के महराजगंज में स्वीकृत केन्द्रीय ि वद्यालय में पढ़ाई शीघ्र शुरू कराई जाए।